**‘गॉड्स पॉवर मेरे पास’** बीएसपी सीनियर सेकेंड्री स्कूल ग्राउंड में कार्यक्रम के दौरान जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा ब्र.कु. शिवानी बहन ने कहा...

# स्वयं की उन्नति हेतु... सभी को क्षमा करने के लिए हर समय रेडी रहें




## अच्छे संस्कारों से बढ़ती है आत्मा की शक्ति



हम जिस संस्कार को जितना यूज़ करते हैं, उतने वह बढ़ते जाते हैं। अच्छे संस्कारों से आत्मा की शक्ति बढ़ती है। हमारी स्व की स्थिति श्रेष्ठ हो। हमें जीवन में किसी से कुछ नहीं चाहिए, बस सभी को दुआएं और सम्मान देने वाली आत्मा बनना है। जीवन में क्षमा करने के लिए हर समय रेडी रहना है। ये सब हमारी स्वयं की उन्नति के लिए ही है - जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा व मोटिवेशनल स्पीकर ब्र.कु.शिवानी बहन।

**भिलाई-छ.ग.।** अपने श्रेष्ठ जीवन का विज़न चित्र बनाएं और उसे जीवन में अप्लाई करें। परीक्षा के समय तैयारी नहीं, परीक्षा के पहले तैयारी शुरु होती है। तो हमें भी जीवन में परेशानी आने से पहले मन को बहुत-बहुत शक्तिशाली बनाना है। यह बातें अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता एवं जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा ब्र.कु. शिवानी बहन ने से.7 स्थित बीएसपी सीनियर सेकेंड्री स्कूल ग्राउंड में 'गॉड्स पावर मेरे पास' विषय पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये।

### मन को सुबह ही पॉज़िटिव एनर्जी से भरपूर कर लें

विशेषज्ञा ने कहा कि सुबह का समय मन में पॉज़िटिव एनर्जी भरने का होता है इसलिए सुबह-सुबह कुछ पल खुद के लिए निकालकर परमात्मा से शक्तियां लेकर खुद को सकारात्मकता और उमंग-उत्साह से भरें। ये पॉज़िटिव एनर्जी सारे दिन की हर परिस्थिति में आपको स्टेबल रखने में मददगार होगी।

### अब स्वयं को धोखा देना बंद कर कदम आगे बढ़ायें

आपने आगे कहा कि हमें स्वयं के प्रति बहुत स्ट्रिक्ट रहना है, अब स्वयं को धोखा देना बंद कर दें। जब श्रेष्ठ परिवर्तन का एक कदम हम उठाते हैं तो कई गुना मदद हमें गॉड(परमात्मा) से मिलती है। परमात्मा की शक्तियों पर हमारा अधिकार है, बस इसे अनुभव में और जीवन में शामिल करें।

### आध्यात्मिक शक्ति से बदलें संस्कार

शिवानी बहन ने कहा कि संस्कारों के आधार पर मन की स्थिति, स्वास्थ्य और जीवन के रिश्ते बनते हैं। स्पीरिचुअल लॉ है कि संस्कार से संसार बनता है। इसलिए हमें आध्यात्मिक शक्ति से अपने संस्कारों को बदलना है। कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, अंजनी कुमार,ई.डी. वर्क्स भिलाई इस्पात संयत्र, डॉ. एम.के. वर्मा,वी.सी., सीएसवीटीयू, ब्रह्माकुमारीज़ की क्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु.हेमलता दीदी, ब्र.कु. आशा दीदी, ब्र.कु. प्राची दीदी, ब्र.कु. अश्वनी दीदी, बड़ी संख्या में डॉक्टर्स, प्रशासनिक अधिकारी, प्रोफेसर्स, स्टूडेंट्स, सुरक्षा जवान सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम का लाभ लिया। स्वयं सिद्धा ग्रुप की डायरेक्टर सोनाली चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा मिनी इंडिया भिलाई की अनेकता में एकता की मिसाल और खूबियों को सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# स्वीकार करें... मैं जो हूँ जैसा हूँ अच्छा हूँ

**ब्लेसिंग हाउस में ''पॉज़िटिव इमोशन्स की टू वेलनेस'' विषय पर डॉक्टर्स एवं चिकित्सा कर्मियों के लिए कार्यक्रम**

**भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों चिकित्सा कर्मी हुए शामिल**



**भोपाल-म.प्र.।** ब्रह्माकुमारीज़ के ब्लेसिंग हाउस सेवाकेन्द्र में डॉक्टर्स के लिए 'पॉज़िटिव इमोशन्स की टू वेलनेस' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ब्र.कु. डॉ. प्रेम मसंद,मा.आबू ने कहा कि व्यक्ति को अपनी वैल्यू कभी कम नहीं करनी चाहिए। लोग कुछ भी कहें, मुझे फर्क नहीं पड़ना चाहिए। हमेशा यह संकल्प करें कि मुझे भगवान ने सबकुछ दिया है, मैं जो हूँ जैसा हूँ अच्छा हूँ। उन्होंने बताया कि हमारी भावनाओं का सीधा असर शरीर के अंगों पर पड़ता है। उदाहरण के तौर पर क्रोध करने से लीवर पर असर पड़ता है। दु:ख आपके फेफड़ों को कमज़ोर कर देता है। तनाव से हृदय एवं मस्तिष्क पर असर होता है। इसके विपरीत सकारात्मक भावनाओं से शरीर स्वस्थ होता है। जैसे प्यार शान्ति लाता है और सद्भाव आपके मन और शरीर को मज़बूत करता है। इसके साथ ही डॉ. प्रेम मसंद ने एक्टिविटी के द्वारा म्यूज़िकल एक्सरसाइज़ भी कराई। कार्यक्रम में डॉ. नीरा चौधरी,ज्वाइंट डायरेक्टर हेल्थ, भोपाल डिविज़न, राजेश मिश्रा, आईएएस पूर्व स्काउट गाईड सेक्रेट्री, डॉ. मनोज वर्मा,टी.बी. एवं एड्स नोडल ऑफिसर, डॉ. ए. के. गोयल,सीएमओ सर्जरी, डॉ. पी. एस. बिन्द्रा,नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञ, डॉ. वरुण, फिज़ियोलॉजी,एम्स भोपाल, डॉ. ज्योति वालेचा,रेडियोलॉजिस्ट, डॉ. मनोज निगम,मेडिकल ऑफिसर, डॉ. रजनी हजेला, डॉ श्रीनाथ अग्रवाल एवं अनेक डॉक्टर्स उपस्थित रहे। ब्लेसिंग हाउस सेवाकेन्द्र निदेशिका ब्र.कु. डॉ. रीना दीदी ने कहा कि डॉक्टर्स समाज के लिए समर्पित रूप से कार्य करते हैं। अत: ब्रह्माकुमारीज़ का मेडिकल प्रभाग ऐसे आयोजनों के द्वारा चिकित्सकों के जीवन को सशक्त बनाने हेतु कार्यरत है। मौके पर बी.के. छाया,नासिक ने एक्सरसाइज़ को प्रैक्टिकल विधि से सिखाया। ब्र.कु. राहुल ने कार्यक्रम का संचालन किया।



**सुनाम-पंजाब।** ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मिनिस्टर अमन अरोड़ा को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. मीरा बहन एवं ब्र.कु. ललित,सीए,माउण्ट आबू। कार्यक्रम में 200 से अधिक लोग शामिल रहे।



**उदयपुर-राज.।** ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र में सावन उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मोती मगरी स्कीम समिति के अध्यक्ष शिव रतन तिवारी महासचिव नरेन्द्र खाबिया मानक जी नाहर उद्योगपति महेश त्रिवेदी पार्षद समीर पार्षद एवीएन नगर निगम उद्यान समिति के अध्यक्ष, सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. रीटा बहन, ब्र.कु. रीमा बहन तथा अन्य भाई-बहनें शामिल रहे।



**यू.एस.ए.-न्यू जर्सी।** वरिष्ठ राजयोगी ब्र.कु. केन ओ.डोनेल,डायरेक्टर,ब्रह्माकुमारीज़,लैटिन अमेरिका एवं ब्र.कु. लुसियाना,कोऑर्डिनेटर, ब्रह्माकुमारीज़ सेंटर्स,ब्राज़ील के ब्रह्माकुमारीज़ एडिसन सेंटर,न्यू जर्सी में आने पर ब्र.कु. भाई-बहनों के लिए कार्यक्रम के आयोजन पश्चात् 'द आर्ट ऑफ प्रॉब्लम सॉल्विंग' विषय पर टीवी एशियाज़ टॉक-शो के होस्ट विकास नांगिया(होस्ट,फोकस लाइव) द्वारा ब्र.कु. केन का इंटरव्यू लिया गया। तत्पश्चात् इसी विषय पर आयोजित पब्लिक प्रोग्राम में 30 वीआईपीज़ गेस्ट्स शामिल रहे। इस दौरान सेवाकेन्द्र संयोजिका ब्र.कु. शीतल बहन, ब्र.कु. हेमांग भाई व ब्र.कु. अनोली बहन आदि उपस्थित रहे।



**हल्द्वानी-उत्तराखंड।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कोतवाली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हरेन्द्र चौधरी,कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. माया बहन। साथ हैं ब्र.कु. नीलम बहन, ब्र.कु. वीना बहन तथा अन्य। कार्यक्रम में महेंद्र सिंह धोनी,सी.ओ. व स्टाफ सहित लगभग 120 भाई-बहनें शामिल रहे।